प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email: helpdoc@rbi.org.in

**संचार विभाग**, केंद्रीय कार्यालय, एस.बी.एस.मार्ग, मुंबई-400001
**Department of Communication**, Central Office, S.B.S.Marg, Mumbai-400001
फोन/Phone: 022- 22660502

23 जून 2021

# दिसंबर 2020 के अंत में घरेलू ऋण-जीडीपी अनुपात और 2020-21 की तीसरी तिमाही के लिए घरेलू वित्तीय बचत के प्रारंभिक अनुमान

आज, रिज़र्व बैंक ने अपनी वेबसाइट पर “सांख्यिकी” => “डेटा रिलीज़” => “तिमाही” टैब के तहत दिसंबर 2020 के अंत में घरेलू ऋण-जीडीपी अनुपात और 2020-21 की तीसरी तिमाही के लिए घरेलू वित्तीय बचत के प्रारंभिक अनुमान जारी किए।

**मुख्य बातें:**

- 2020-21 की तीसरी तिमाही में घरेलू वित्तीय बचत का प्रारंभिक अनुमान सकल घरेलू उत्पाद(जीडीपी) के 8.2 प्रतिशत पर रखा गया है, जो 2020-21 की पहली तिमाही में महामारी से प्रभावित होने के बाद लगातार दूसरी तिमाही के लिए क्रमिक नरमी प्रदर्शित करता है। घरेलू वित्तीय आस्तियों के प्रवाह में भारी कमी के कारण यह नरमी आई है, जो घरेलू वित्तीय देयताओं के प्रवाह में नरमी से कहीं अधिक है।
- जीडीपी की तुलना में घरेलू (बैंक) जमाराशियों का अनुपात 2020-21 की तीसरी तिमाही में घटकर 3.0 प्रतिशत हो गया, जो पिछली तिमाही में 7.7 प्रतिशत था।
- बैंकों और आवास वित्त कंपनियों से अधिक उधारी के बावजूद, गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों से उधार में उल्लेखनीय गिरावट के बाद 2020-21 की तीसरी तिमाही में घरेलू वित्तीय देयताओं का प्रवाह मामूली रूप से कम था।
- जीडीपी अनुपात की तुलना में घरेलू ऋण, जो चुनिंदा वित्तीय साधनों पर आधारित है, मार्च 2019 के अंत से लगातार बढ़ रहा है। दिसंबर 2020 के अंत में यह तेजी से बढ़कर 37.9 प्रतिशत हो गया, जो सितंबर 2020 के अंत में 37.1 प्रतिशत था।

**(योगश दयाल)**
मुख्य महाप्रबंधक

**प्रेस प्रकाशनी: 2021-2022/411**